ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 14-12-2021

नैनीताल(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-12-14 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2021-12-15	2021-12-16	2021-12-17	2021-12-18	2021-12-19
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	10.0	11.0	10.0	8.0	9.0
न्यूनतम तापमान(से.)	3.0	3.0	4.0	3.0	2.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	30	35	45	50	50
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	60	60	65	65	65
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	6.0	6.0	6.0	6.0	6.0
पवन दिशा (डिग्री)	310	320	320	330	310
क्लाउड कवर (ओक्टा)	1	1	4	4	3

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में, मौसम साफ रहेगा। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 8.0 से 11.0 व 2.0 से 4.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 6.0 किमी/घंटे की गति से उत्तर-पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है। पहाड़ो पर 15 व 18 दिसम्बर को कहीं-कहीं पाला पड़ने की भी सम्भावना है। ईआरएफएस के अनुसार, 19 से 25 दिसम्बर के दौरान राज्य में वर्षा सामान्य से कम, अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य रहने का अनुमान हैं।

सामान्य सलाहकार:

किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉइड उपयोगकर्ताओं) और ऐप सेंटर (आईओएस उपयोगकर्ताओं) से डाउनलोड किया जा सकता है| भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त एनडीवीआई व एसपीआई मानचित्रों ने संकेत दिया कि नैनीताल के लिए पिछले हफ्ते एनडीवीआई 0.2-0.5 के बीच है, यानी जिले में कृषि स्थिति मध्यम से अच्छी है तथा एसपीआई मैप 11 नवम्बर से 8 दिसम्बर तक हल्की नमी की स्थिति को दर्शाता है।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में, मौसम साफ रहेगा। किसान भाई सब्जी वर्गीय फसलों के खेतो में उचित नमी बनाए रखें| खेतो में पाला पड़ने की स्थिति में समय-समय पर सिंचाई करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
सरसों	घाटियों व निचले पर्वतीय क्षेत्रों में समय पर बोई गई फसल में दाना भरते समय हल्की सिंचाई करें।
मसूर की दाल	फसल में आवश्यकतानुसार निराई-गुड़ाई कर खरपतवार निकाल लें।
चना	फसल में आवश्यकतानुसार कृषि सम्बंधी क्रियायें जैसे- निराई व गुड़ाई कर खरपतवार निकाल लें।
जौ	सिंचित फसल में बुवाई के 20-25 दिन पर सिंचाई कर नत्रजन की संस्तुत मात्रा में टॉप ड्रेसिंग करे।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
गोभी	फसल में आवश्यकतानुसार निराई व गुड़ाई तथा नत्रजन की टॉप ड्रेसिंग जैसे कृषि सम्बंधी क्रियायें लें।
सेब	ऊँचे पर्वतीय क्षेत्रों में सेब, नाशपाती, आड़ू, प्लम, खुमानी आदि शीतोष्ण फल वृक्षों में कटाई-छटाई शुरू करें।
पालक	सिंचित घाटी क्षेत्रों में मेथी, पालक तथा हरे पत्ते एवं मसाले के लिए धनियां की फसल में सिंचाई कर समय-समय पर गुड़ाई करे।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेंस	यदि पशुओं को अभी तक मुखपका खुरपका (एफएमडी), गलघोंटू, लंगडा बुखार, एंटरोटॉक्सिमिया आदि के टीके नहीं लगाये गये है, तो इस महीने उनका टीकाकरण अवश्य किया जाना चाहिए। जानवरों को तापमान में अचानक गिरावट से बचाने के लिए जानवरों को रात के दौरान एक ढके हुए शेड/क्षेत्र में रखें।
गाय	यदि पशुओं को अभी तक मुखपका खुरपका (एफएमडी), गलघोंटू, लंगडा बुखार, एंटरोटॉक्सिमिया आदि के टीके नहीं लगाये गये है, तो इस महीने उनका टीकाकरण अवश्य किया जाना चाहिए। जानवरों को तापमान में अचानक गिरावट से बचाने के लिए जानवरों को रात के दौरान एक ढके हुए शेड/क्षेत्र में रखें।